हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 24 जनवरी 2026

कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 15 डिग्री

13 प्रदेश के लगभग 1900 युवाओं का अग्निवीर में होगा चयन



14 सोना चमका, चांदी दमकी बाजार में मचा हड़कंप



## खबर संक्षेप

### राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आज से

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ जल संसाधन विभाग स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में 22वीं राज्य स्तरीय अंतर क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 24 जनवरी को प्रातः 11 बजे रुद्री कॉलोनी जिला धमतरी में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन 28 जनवरी तक बस्तर जोन मुख्यालय रुद्री गंगरेल में किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सचिव जल संसाधन विभाग छत्तीसगढ़ शासन राजेश सुकुमार टोप्पो होंगे। अध्यक्षता प्रमुख अभियंता एवं मुख्य संरक्षक इन्द्रजीत उइके करेंगे। विशेष अतिथि के कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार होंगे। आयोजन को सफल बनाने में स्पोर्ट्स क्लब बस्तर जोन के अध्यक्ष के. सदाशिव राव, सचिव गोपाल शर्मा तथा आयोजन समिति के सदस्य पी.के. नादिया, एच.एल. कुरेशिया एवं बी.के. मगेन्द्र सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी जुटे हैं।

### 26 को बंजारी में मड़ई व डीजे डांस

**धमतरी।** ग्राम बंजारी में ग्रामवासियों के सहयोग से गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया जा रहा है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए डीजे डांस प्रतियोगिता भी होगी। ग्रामीणजन तैयारी में जुटे हुए हैं।

### रसायनशास्त्र प्रायोगिक संपर्क कक्षा 30 से

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के बीएससी द्वितीय व तृतीय वर्ष के अमहाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के रसायनशास्त्र विषय की प्रायोगिक कक्षाएं 30 जनवरी से 8 फरवरी तक होगी।

### कोड़ेबोड़ में मड़ई मेला 31 जनवरी को

**सिर्री।** ग्राम कोड़ेबोड़ में ग्रामवासियों के सहयोग से 31 जनवरी शनिवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। मनोरंजन हेतु रंगरसिया जोड़ीदार लखनपुरी जिला कांकेर की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी दिनेश, टीकम, महेंद्र, यश, तामेश्वर, राकेश, कंचन, बीरेंद्र, सुंदर, सूरज, डेविड ने दी।

### जीजामगांव में मड़ई 2 फरवरी को

**जीजामगांव।** ग्राम जीजामगांव में 2 फरवरी सोमवार को मड़ई मेला मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए मां के ममता लोक संस्कृति छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम चिखली बांधाबाजार जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी संतराम साहू ने दी।

### गातापार में मानसगान महोत्सव आज से

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम गातापार में जय मां कर्मा युवा कल्याण मंच एवं ग्रामवासियों के सहयोग से मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 24 व 25 जनवरी को किया जा रहा है।



मुख्य अतिथि गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद होंगी। अध्यक्षता कालिंद्री साहू करेंगी। विशिष्ट अतिथि पूजा सिन्हा जिला पंचायत सदस्य, रेखा जनपद सदस्य, हंसू फलेंद्र सिन्हा पूर्व जनपद सदस्य, रेवती साहू, दीपा कतलाम, दुलारी साहू, चेतन साहू होंगे। 27 जनवरी को गांव में मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा गोपाल बलराम निपानी बालोद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी हरिश्चंद्र साहू, कमलनारायण ग्रामीण अध्यक्ष ने दी है।

---

हथियारों के साथ आईजी के समक्ष किया सरेंडर, नक्सलमुक्त हुआ धमतरी जिला, आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति से हुए प्रभावित

# जिले में नक्सलवाद का सफाया, 9 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में सक्रिय अलग-अलग डिवीजन व एरिया कमेटी के सदस्य रहे 9 महिला व पुरूष नक्सलियों ने शासन की आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर परिवार के साथ खुशहाल जीवन जीने पुलिस महानिरीक्षक के समक्ष हथियारों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया। इसी के साथ धमतरी जिला नक्सलमुक्त हो गया है।

शासन द्वारा भटककर माओवादी की विचारधारा पर चल रहे युवक-युवतियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति बनाई गई है। वहीं पुलिस व सुरक्षाबलों द्वारा विभिन्न माध्यम से नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़ने लगातार प्रचार व अपील की जा रही है। इसी का परिणाम है कि अब नक्सली आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौट रहे हैं। धमतरी पुलिस की टीम, डीआरजी एवं सीआरपीएफ द्वारा चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत शुक्रवार को प्रतिबंधित संगठन उड़ीसा राज्य कमेटी धमतरी-गरियाबंद नुआपाड़ा डिवीजन के नगरी एरिया कमेटी मैनपुर एलजीएस तथा गोबरा एलओएस के सक्रिय 47 लाख के इनामी 7 महिला व 2 पुरूष कुल 9 हार्डकोर नक्सलियों ने हिंसा व विनाश की राह को त्यागकर जिला पुलिस कार्यालय में आईजी अमरेश कुमार मिश्रा, एसपी सूरजसिंह परिहार व सीआरपीएफ के अधिकारियों के समक्ष आटोमेटिक हथियारों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया। आईजी मिश्रा ने आत्मसमर्पित नक्सलियों का स्वागत करते हुए शासन की पुनर्वास योजना का पूरा लाभ दिलाने का आश्वासन दिया।







### पुलिस के समक्ष इन हथियारों का हुआ समर्पण

आत्मसमर्पित माओवादियों ने अपने साथ इंसास राइफल 2 नग, मैगजीन 3, राउंड 37, एसएलआर राइफल 2 नग, मैगजीन 4 राउंड 18, कार्बाइन 1 नग, मैगजीन 2, राउंड 12, भरमार बंदूक 1 नग, रेडियो सेट वाकीटाकी सहित दैनिक उपयोगी सामग्री लाए थे जिसे पुलिस के समक्ष समर्पण कर दिया।

### माओवादियों की खोखली विचारधारा पसंद नहीं आई

आत्मसमर्पण करने पर शासन की पुनर्वास योजना का लाभ उठा खुशहाल जीवन जी रहे आत्मसमर्पित नक्सली साथी अजय, भूमिका, टिकेश, प्रमिला से प्रभावित होकर तथा माओवादियों की खोखली हो चुकी विचारधारा, जंगल की परेशानियों के कारण इन लोगों ने भी आत्मसमर्पण करने का विचार बनाया।

### नौ नक्सली सदस्यों ने सरेंडर किया : आईजी अमरेश मिश्रा

रायपुर रेंज के आईजी अमरेशकुमार मिश्रा ने बताया कि 9 नक्सली सदस्य कुछ देर पहले जिले में सक्रिय थे, कानून व सुरक्षा बल के विरोध में लड़ाई लड़ रहे थे, उन लोगों ने आत्मसमर्पण करने का निर्णय किया। मुख्यधारा में लौटने पर हम उनका स्वागत करते हैं जिसमें 7 महिला व 2 पुरुष नक्सली है। इन पर 47 लाख का इनाम था। आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास योजना का लाभ दिया जाएगा।

### इन माओवादियों ने किया समर्पण



माओवादी विचारधारा के साथ चल रही ज्योति उर्फ जैनी उर्फ रेखा डीव्हीसीएम सीतानदी एरिया कमेटी सचिव ने इंसास राइफल के साथ सरेंडर किया। ज्योति पर 8 लाख का इनाम था। उषा उर्फ बालम्मा डीजीएम ने इंसास राइफल के साथ आत्मसमर्पण किया। उषा पर 8 लाख का इनाम था। रामदास मरकाम उर्फ हिमांशु नगरी एसीएम ने एलएलआर राइफल के साथ सरेंडर किया। रामदास 5 लाख का इनामी नक्सली है। रोनी उर्फ उमा सीतानदी एरिया कमेटी कमांडर ने काबाईन हथियार के साथ समर्पण किया। रोनी पर 5 लाख का इनाम था। निरंजन उर्फ पोहिया सीनापाली एसीएम टेक्निकल/डीजीएम एसएलआर हथियार के साथ सरेंडर किया। निरंजन 5 लाख का इनामी नक्सली है। सिंधु उर्फ सोमड़ी एसीएम भरमार हथियार के साथ आत्मसमर्पण किया। सिंधु 5 लाख का इनामी नक्सली है। रीना उर्फ चिरो एसीएम सोनापाली एरिया कमेटी/एलजीएस व अमीला उर्फ सन्नी एसीएम/मैनपुर एलजीएस दोनों पर 5-5 लाख का इनाम था। इसी तरह लक्ष्मी पूनम उर्फ आरती जो उषा की बाड़ीगार्ड थी, ने सरेंडर किया है। लक्ष्मी पूनम पर एक लाख का इनाम था।

---

# 3116 क्विंटल चावल शासन को जमा नहीं करने पर राइस मिल सील, एफआईआर दर्ज

- कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर अवैध धान भंडारण पर बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिले में अवैध धान भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। 21 जनवरी को राजस्व, खाद्य, मंडी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम पंचायत दर्री स्थित रामसेवक एंड संस फर्म में चावल सत्यापन हेतु जांच की। जांच के दौरान पाया कि फर्म द्वारा कस्टम मिलिंग वर्ष 2024-25 के अंतर्गत एफसीआई एवं नागरिक आपूर्ति निगम में कुल 7881.18 क्विंटल चावल जमा किया गया है, जबकि 3116.08 क्विंटल चावल शासन को जमा करना शेष है। इसके अतिरिक्त मिल परिसर में भौतिक सत्यापन के दौरान ढेर में संग्रहित लगभग 60 कट्टा धान एवं 23 बोरी रिजेक्शन (खराब) चावल पाया गया। अनियमितता पाए जाने पर कार्यपालिक दंडाधिकारी धमतरी की उपस्थिति में रामसेवक एंड संस फर्म को आगामी आदेश तक सील कर दिया गया। शासन को जमा किए जाने वाले शेष चावल की अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ 33 लाख 99 हजार 144 रुपये आंकी गई है। फर्म संचालक प्रकाश पांडेय द्वारा छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 के प्रावधानों का उल्लंघन किए जाने एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दंडनीय अपराध पाए जाने पर उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। इस कार्रवाई के दौरान धमतरी तहसीलदार कुसुम प्रधान, खाद्य निरीक्षक नीलेश चंद्राकर, मंडी निरीक्षक तथा जिला प्रबंधक अधिकारी उपस्थित थे।



# बोर्ड परीक्षा में अपेक्षित परिणाम के लिए प्राचार्य मंच ने गिनाईं समस्याएं

- समस्याओं का निराकरण होने पर आएगा बेहतर परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



बोर्ड परीक्षा परिणाम अपेक्षित नहीं आने पर संस्था प्रमुख एवं शिक्षकों को दोषी ठहराने के मामले में प्राचार्य मंच ने प्रशासन को धरातलीय समस्या गिनाई है। मंच ने समस्याओं का निदान करने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है।

प्राचार्य मंच ने कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा है कि जिले में विगत वर्षों से मिशन अव्वल नामक कार्यक्रम चलाया जा रहा है लेकिन प्राचार्य संवर्ग एवं शिक्षक संवर्ग की मांगों और समस्याओं को नजरअंदाज कर दिया जाता है। इससे परीक्षा तथा इसकी आनलाइन प्रविष्टि में अनावश्यक समय नष्ट होता है। वर्तमान में समग्र शिक्षा एवं जिला शिक्षा विभाग से परीक्षा उपरांत ओएमआर शीट में प्रत्येक विद्यार्थी की जानकारी मांगने से अनावश्यक समय नष्ट होगा। विनोबा एप की प्रविष्टि एवं अन्य जानकारी एप में एंट्री करने से अध्ययन-अध्यापन कार्य प्रभावित होता है। इस एप तथा समस्त प्रकार के एनजीओ के कार्यों से शिक्षा विभाग को मुक्त रखा जाये। शिक्षा सहित अन्य विभागों की गतिविधियों एवं कार्यक्रमों को अनिवार्य रूप से संस्थाओं, विद्यालयों में आयोजित करने का निर्देश रहता है। फोटोग्राफ के रूप में पालन प्रतिवेदन मंगाया जाता है। इसे स्वैच्छिक किया जाये। मादक पदार्थ का प्रभाव विद्यालय, विद्यार्थियों तक पहुंच रहा है जिसकी रोकथाम की आवश्यकता है। प्राचार्य संवर्ग, संस्था प्रमुख तथा शिक्षक संवर्ग पर किसी प्रकार की कार्रवाई करने से पहले उनके पक्ष को सुनने, जानने का अवसर प्रदान करने, प्राचार्य एवं प्रभारी प्राचार्य संवर्ग 2 से लेकर 4 कालखंड का अध्ययापन कराते हैं। इसके अलावा संकुल गतिविधियां मानिटरिंग, बैठक तथा शिक्षा विभाग के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हैं। शिक्षा विभाग के लिपिकों को अन्य विभाग में संलग्न कर दिया जाता है। इसके कारण प्राचार्य तथा शिक्षकों को लिपिकीय कार्य करना पड़ता है। नित नये प्रयोग, गैर शिक्षकीय कार्यों की अधिकता, मानवीय संसाधनों की पूर्ति, कनिष्ठ व्याख्याताओं के हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के निरीक्षण को प्राचार्य पद के वरिष्ठता, शिष्टाचार, गरिमा के विपरीत बताते हुए प्राथमिक एवं माध्यमिक के निरीक्षण का उत्तरदायित्व सौंपने सहित 18 मुद्दों का ज्ञापन सौंपा है। प्राचार्य मंच ने कहा है कि मांगों और समस्याओं का उचित निराकरण होने से बेहतर परीक्षा परिणाम आएगा।

---

# एक शिक्षक के भरोसे मोंगरागहन की प्राथमिक शाला



- माध्यमिक शाला में अंग्रेजी विषय का शिक्षक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल डुबान क्षेत्र के ग्राम मोंगरागहन की प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है। जनपद सदस्य, सरपंच सहित ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर शिक्षक व्यवस्था करने की मांग कलेक्टर से की है।

ग्राम मोंगरागहन से जिला कार्यालय पहुंचे जनपद सदस्य उर्वशी ध्रुव, सरपंच शैलेश नाग, सखाराम यादव, कृष्णा तिलकराम, बसंतकुमार, जगन्नाथ, समारू, हीराराम, गणेश आदि ने शुक्रवार को कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि मोंगरागहन प्राथमिक शाला पूरे सत्र से एकल शिक्षक के रूप में संचालित हो रही है। प्राथमिक शाला में 35 की दर्ज संख्या है। यहां दो शिक्षक पदस्थ थे जिसमें से एक शिक्षिका मातृत्व अवकाश पर चली गई है। यह स्कूल एकल शिक्षक होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसी तरह माध्यमिक शाला में अंग्रेजी विषय का शिक्षक नहीं है। मोंगरागहन के स्कूल में बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता ताक पर है। हालत ऐसी है कि मोंगरागहन के बच्चे दूसरे स्कूल में पढ़ने के लिए विवश हो रहे हैं। उन्होंने कलेक्टर से शीघ्र शिक्षक की व्यवस्था कराने की मांग की है।

### संबलपुर में संगीतमय मानसगान सम्मेलन 30 से

**धमतरी।** ग्राम सम्बलपुर में तीन दिवसीय संगीतमय मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस 30 जनवरी शुक्रवार को दीप प्रज्ज्वलन होगा। मुख्य अतिथि मंजू चन्द्राकर सरपंच सम्बलपुर होंगी। अध्यक्षता राजेश चन्द्राकर पंच करेंगे। विशिष्ट अतिथि भरत ध्रुव, राहुल नेताम, रामनारायण नेताम, खोरबाहरा राम साहू, भानुप्रताप रामटेके, कोमल सिंह नेताम, हेमंत साहू, निर्मल बया होंगे। द्वितीय दिवस 31 जनवरी के मुख्य अतिथि नीशु चन्द्राकर पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत होंगे। अध्यक्षता बृजेश जगताप जनपद सदस्य धमतरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि अशोक गुप्ता कार्यपालन अभियंता मंडी बोर्ड रायपुर, करण रामटेके, बीरबल साहू, जैनसिंग साहू एवं सुदीप साहू होंगे। 1 फरवरी को समापन होगा। मुख्य अतिथि शशि पवार पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा होंगे। अध्यक्षता डेनिस चन्द्राकर पूर्व महामंत्री भाजपा धमतरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि तारेन्द्र चन्द्राकर सोसायटी अध्यक्ष सम्बलपुर, आनंद स्वरूप मेश्राम, पूरन साहू, रामचरित साहू, संतोष साहू, रामरतन गौतम, गैंदलाल नेताम, चित्रसेन ठाकुर होंगे।

### कुरूद के पास हुए सड़क हादसे में युवक की मौत



- रात्रि में सगाई कार्यक्रम से लौट रहा था बाइक सवार

**धमतरी।** रात्रि में सगाई कार्यक्रम से लौट रहे बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार वाहन ने ठोकर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक की अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम बानगर निवासी तेजराम यादव पिता पंचराम उम्र 29 वर्ष मजदूरी का काम करता था। गुरूवार को युवक अपनी मोटरसाइकिल से सगाई कार्यक्रम में कुरूद गया था। सगाई कार्यक्रम के बाद रात्रि में युवक मोटर साइकिल से वापस अपने घर ग्राम बानगर लौट रहा था। इसी दौरान मीरादातार रोड में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन का चालक उसकी मोटरसाइकिल को ठोकर मार भाग गया। घटना में बाइक चालक तेजराम गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए कुरूद अस्पताल ले गए जहां से रिफर करने पर युवक को गुरूवार की देर रात्रि जिला अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शुक्रवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

---

भरमार बंदूक, भालू का पंजा, कच्चा मांस, खरगोश का फंदा, क्लचतार फंदा जब्त

# जंगली सुअर का शिकार करने वाले तीन शिकारी गिरफ्तार


हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में वन विभाग वन्य पशु पक्षियों के संरक्षण का काम कर रहा है, वहीं इस जंगल में शिकारियों की भी कोई कमी नहीं है। यूएसटीआर की एंटी पोचिंग टीम ने जंगली सुअर का शिकार करने वाले तीन शिकारियों को गिरफ्तार किया है।

वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में अखिल भारतीय बाघ गणना 2026 के दौरान परिक्षेत्र दक्षिण उदंती कोर नागेश बीट में 15 जनवरी को सुबह 9 बजे परिसर में 6 व्यक्ति भरमार बंदूक लेकर घूमते हुए दिखे। इसकी सूचना एटी पोचिंग टीम को दी गई। संबंधित व्यक्ति राजमन यादव को पकड़ा गया। राजमन से पूछताछ से पता चला कि आरोपी गुप्ताराम, भादूराम और ओडिशा राज्य के ग्राम टिमनपुर निवासी चैनूराम एवं अन्य दो आरोपी ने 2 भरमार बंदूक, कुल्हाड़ी तथा खाने पीने का सामान लेकर टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में वन्य प्राणियों का शिकार करने 13 से 16 जनवरी तक घूमते रहे। 16 जनवरी को सुबह 9 बजे गोमारझरी नाला में 3 जंगली सुअर पानी पीने आया था। तभी गुप्ताराम ने भरमार बंदूक से शिकार किया। जंगली सुअर को प्लास्टिक बोरी में भरकर दो व्यक्ति कांवर बनाकर अपने साथ टांगापानी तोरेंगा बफर परिक्षेत्र ले गए। सभी 6 आरोपियों ने जंगली सुअर के कच्चा मांस का आपस में बंटवारा किया। एंटी पोचिंग टीम ने 20 जनवरी को भूतखेड़ा के बाजार में गुप्ताराम को पकड़कर उसके घर बाड़ी की तलाशी ली। उसके घर से 1 नग भरमार बंदूक, जंगली सुअर का 3.100 किग्रा कच्चा मांस, भालू का पंजा, भरमार बंदूक बनाने का स्ट्रीगर, कलपुर्जा, लोहे का छर्रा, कुल्हाड़ी, हंसिया एवं अन्य सामग्री जप्त की गई। इसी तरह आरोपी भादूराम के घर बाड़ी के लिए तलाश पत्रक जारी कर तलाशी ली गई। उसके घर एवं बाड़ी से खरगोश का फंदा, क्लच वायर का फंदा एवं छुरी जप्त की गई। यूएसटीआर के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया कि संबंधित क्षेत्र के परिसर में अवैध शिकार के उद्देश्य से भरमार बंदूक लेकर अनाधिकृत प्रवेश तथा शिकार करने का वन अपराध पंजीबद्ध किया। विवेचना अधिकारी धर्मेंद्रसिंह सोनवानी, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी कोयबा ने वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत आरोपी गुप्ताराम पिता परसराम गोड़ 42 वर्ष ग्राम टांगापानी, भादूराम पिता बीकोराम गोड़ 40 वर्ष ग्राम गाजीमुडा, राजमन पिता कन्हैया रावत 30 वर्ष टांगापानी को गिरफ्तार कर 22 जनवरी को मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट गरियाबंद के समक्ष प्रस्तुत किया जहां से 13 दिनों की रिमांड पर गरियाबंद जेल भेजा गया है। इसमें शामिल अन्य 3 आरोपी ओडिशा राज्य की पतासाजी की जा रही है। गरियाबंद पुलिस की मदद से आरोपियों की धरपकड़ हुई। आर्म्स एक्ट के तहत पुलिस एफआईआर करेगी। वर्ष 2017 में आरोपी को शिकार के लिए जेल भी हुई थी।




### उड़न गिलहरी का रेस्क्यू



शुक्रवार को उदंती सीतानदी के जंगल में अनुसूची 1 में संरक्षित उड़न गिलहरी का वन विभाग ने रेस्क्यू किया। उपनिदेशक श्रीजैन ने बताया कि इंदागांव पुलिस कैंप की फेंसिंग में फंसने से उड़न गिलहरी के पंख में गंभीर चोट आई है जिससे व उड़ने में असमर्थ हो गई थी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर सावधानीपूर्वक रेस्क्यू आपरेशन किया। बेहतर उपचार के लिए उसे जंगल सफारी भेजा गया है जहां विशेषज्ञ चिकित्सक उपचार कर रहे हैं। वन विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वन्यप्राणी घायल या संकट में दिखे तो तुरंत नजदीकी वन विभाग कार्यालय या पुलिस को सूचना दें।

### 320 किमी की रफ्तार से शिकार करने वाला शाहीन फाल्कन कैमरे में कैद



उदंती सीतानदी के कुल्हाड़ी घाट रेंज में फारेस्ट गार्ड ओमप्रकाश राव ने शाहीन फाल्कन बाज प्रजाति के पक्षी को अपने कैमरे में कैद किया है। इसे चट्टानों या शिला खंडों में देखा जाता है। यह हवा में शिकार करने के लिए अनुकूलित है। समतल उड़ान में 240 किमी प्रति घंटा तथा शिकार का पीछा करते समय 320 किमी से अधिक की गति प्राप्त कर सकता है। यह मुख्यतः छोटे पक्षियों का शिकार करता हैं। यह उंचाई से गोता लगाकर अपने पंजों से शिकार पर प्रहार करता है। यदि प्रहार से शिकार नहीं मरता तो बाज उसे पूरी तरह से मारने के लिए उसकी गर्दन को काटता है।

## खबर संक्षेप

### तर्रागोंदी में मानसगान सम्मेलन 30 से

**अमलीडीह(भखारा)।** ग्राम तर्रागोंदी में नारी जागरण सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से तीन दिवसीय रामचरित मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। शुभारंभ 30 जनवरी को होगा। मुख्य अतिथि श्रीमती पूजा सिन्हा सदस्य जिपं धमतरी, श्रीमती गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जपं कुरूद, सतीश जैन, भोलाराम साहू, दुलार सिन्हा, संतराम निषाद, मालती गजेंद्र साहू, श्रीमती सविता गंजीर, मानूराम साहू, टेमनलाल निषाद, तामेश्वर निषाद, अग्रहिज ठाकुर होंगे। प्रथम दिवस दिव्य ज्योति महिला मानस मंडली तर्रा गोंदी, गुरुकृपा मानस परिवार तर्रागोंदी अपनी प्रस्तुति देंगे। द्वितीय दिवस शारदा बालिका मानस परिवार ग्राम रामपुर, बालसखा मानस परिवार बीरेंद्र, सुरुचि मानस मंडली पांडेसरा, वंदना बालिका मानस परिवार पड़कीभाठ, आदर्श मानस प्रचार समिति देवपुर, बस्तरिया मानस मंडली कोण्डागांव, अवध रघुनंदन मानस मंडली छलकनी की प्रस्तुति होगी। तृतीय दिवस शिव शक्ति मानस मंडली पंडरिया, रेशमी बालिका मानस मंडली बिरकोनी, अंजनि नंदन मानस परिवार धमनी, नवज्योति मानस मंडली अकलवारा, पावन गंगा महिला मानस मंडली मठपुरैना रायपुर, महाभारत एवं रामायण मंडली कुम्हारी, सरस्वती मानस मंडली कपसदा की प्रस्तुति होगी। 3 फरवरी को रात्रि में दर्शकों के मनोरंजन के लिए गोपाल बलराम नाचा पार्टी का आयोजन किया गया है। मंच संचालन चम्पेश्वर सिंह राजपूत करेंगे। यह जानकारी चोवाराम साहू सरपंच ने दी है।

### असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन प्रशिक्षण के लिए आवेदन 29 तक

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के 10वीं पास युवा 29 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदकों को आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो आदि दस्तावेज सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में जमा करना होगा।

### महापौर ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत क्रेडिट कार्ड का किया शुभारंभ

# क्रेडिट कार्ड सुविधा से स्ट्रीट वेंडर्स को मिलेगा नया संबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के स्ट्रीट वेंडर्स को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक और अहम कदम उठाया गया है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स के लिए शुरू की गई क्रेडिट कार्ड सुविधा का शुभारंभ महापौर रामू रोहरा द्वारा किया गया। इस पहल से छोटे व्यापारियों को अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में सीधी मदद मिलेगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर रामू रोहरा ने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से स्ट्रीट वेंडर्स को




आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रभावी प्रयास कर रही है। अब क्रेडिट कार्ड सुविधा मिलने से वेंडर्स को जरूरत के समय आर्थिक सहायता आसानी से उपलब्ध होगी, जिससे वे अपने कारोबार का विस्तार कर सकेंगे और आर्थिक मजबूती हासिल करेंगे।

महापौर ने बताया कि आज इसी क्रम में केंद्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत क्रेडिट कार्ड सुविधा का शुभारंभ किया गया है। इससे देशभर के लाखों स्ट्रीट वेंडर्स लाभान्वित होंगे और उन्हें औपचारिक वित्तीय व्यवस्था से जोड़ा जा सकेगा। आगे बताया कि यह क्रेडिट कार्ड सुविधा उन्हीं हितग्राहियों को प्रदान की जाएगी, जिन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत प्राप्त द्वितीय किस्त का समय पर पूर्ण भुगतान कर दिया है। पात्र लाभार्थी इस क्रेडिट कार्ड के माध्यम से आवश्यकता अनुसार राशि का उपयोग कर सकेंगे।

क्रेडिट कार्ड सुविधा से न केवल दैनिक व्यवसाय संचालन में सहूलियत होगी, बल्कि डिजिटल लेन-देन को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे स्ट्रीट वेंडर्स को नकद लेन-देन की परेशानी से राहत मिलेगी और वे आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं से जुड़ सकेंगे।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स को योजना का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस नई पहल से स्ट्रीट वेंडर्स के जीवन स्तर में सुधार आएगा और वे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत भागीदार बन सकेंगे। क्रेडिट कार्ड सुविधा के शुभारंभ को लेकर स्ट्रीट वेंडर्स में उत्साह का माहौल देखा गया और उन्होंने इस योजना को अपने भविष्य के लिए बेहद लाभकारी बताया।

# सुखराम नागे कॉलेज में बसंत पंचमी पर हुई सरस्वती पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में बसंत पंचमी पर प्रभारी प्राचार्य डा. रमेश देवांगन के मार्गदर्शन एवं प्रो.हितेशानंद ठाकुर के संयोजन में एवं प्रो. लोकेश्वरी राठिया के सहसंयोजक में सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ.रमेश देवांगन ने कहा कि मां सरस्वती ज्ञान, बुद्धि, विद्या, संगीत कला और वाणी की देवी है। मां सरस्वती की कृपा से ही जीवन में सफलता और उन्नति संभव है। प्रो. आरआर मेहरा ने कहा कि आज ही के दिन मां सरस्वती का पर्दापण हुआ था और इन्हीं की कृपा से स्वर का जन्म



हुआ। प्रो. हितेशानंद ठाकुर ने कहा कि बसंत पंचमी बसंत ऋतु के आगमन का संदेश देती है यह जीवन में ज्ञान सृजनात्मक और सकारात्मक बदलाव की नई शुरुआत करने की प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम में डॉ. अंबा शुक्ला एवं डॉ. ममता सौरज का योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ. अश्वनी ध्रुव, प्रो. जयराम कुर्रे, प्रो. लालमन बेरवंश, डॉ. कविता, डा. अंबा शुक्ला, डा. ममता सौरज, वेणु साहू, डिलेश्वरी पटेल, भूषण, गोपाल देवांगन, खेमचंद, सागर मण्डावी, सीता नेताम, अविरल तिवारी, अब्बास मेमन, लाकेश साहू सहित महाविद्यालयीन स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# बागतराई स्कूल के पूर्व छात्रों का स्नेह सम्मेलन 7 फरवरी को

- सम्मेलन में पूर्व छात्र अपनी शैक्षणिक यात्रा, सफलता के अनुभव साझा करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागतराई अपने अनुशासन और उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के लिए धमतरी क्षेत्र सहित आसपास के क्षेत्रों में विशेष पहचान रखता है। विद्यालय की स्थापना वर्ष 1994 में माध्यमिक विद्यालय के रूप में हुई थी, जिसे वर्ष 2001 में उच्चतर माध्यमिक स्तर पर उन्नत किया गया। स्थापना के लगभग 30 वर्षों में इस विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। यहां से शिक्षा प्राप्त कर चुके विद्यार्थी आज छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों में डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर, शिक्षक, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग सहित अनेक महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं और समाज व राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं। इन्हीं उपलब्धियों और आपसी जुड़ाव को मजबूत करने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागतराई में 7 फरवरी शनिवार को पूर्व छात्र-छात्राओं का स्नेह सम्मेलन एवं समागम आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में पूर्व छात्र अपनी शैक्षणिक यात्रा, सफलता के अनुभव और विद्यालय से जुड़ी स्मृतियों को साझा करेंगे।

पंजीयन की अंतिम तिथि 30 जनवरी है। सम्मेलन से पूर्व 30 जनवरी को विद्यालय परिसर में एक विशेष बैठक का आयोजन रखा गया है।

# जिला देवांगन समाज 25 को मनायेगा मां परमेश्वरी महोत्सव

- महोत्सव 2026 की तैयारियां हुई पूर्ण, झांकी के साथ निकलेगी भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री/धमतरी

जिला स्तरीय मां परमेश्वरी महोत्सव 2026 का आयोजन 25 जनवरी रविवार को देवांगन धर्मशाला दानीटोला धमतरी में किया जायेगा। महोत्सव मनाने जिलाध्यक्ष विनय देवांगन के मार्गदर्शन में रूपरेखा



तैयार की गई है। तैयारी अंतिम चरण पर है। समाजजनों द्वारा अपनी विभिन्न झांकियों का प्रदर्शन करते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। सुबह 10 बजे से मां परमेश्वरी की शोभायात्रा धमतरी की पुरानी कृषि उपज मंडी से शुरू होकर देवांगन धर्मशाला पहुंचेगी।

जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष विनय देवांगन ने बताया कि इस बार मां परमेश्वरी महोत्सव की भव्य रूपरेखा तैयार की गई है। देवांगन समाज के इतिहास, विभिन्न परम्पराओं, मान्यताओं, रस्म रिवाजों की झांकी की झलक शोभायात्रा के दौरान देखने को मिलेगी। झांकी की तैयारी लगभग पूरी की जा चुकी है। शोभायात्रा में मां परमेश्वरी के सेवा गीत, बस्तर नृत्य, डीजे धुमाल चार चांद लगायेंगे। दोपहर 12 बजे मां परमेश्वरी की सेवा गीतों के साथ पूजा आरती की जायेगी। 2 बजे अतिथि सत्कार के साथ ही सम्मान समारोह संपन्न होगा। दोपहर 3 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत होगी।

## अंचल की खबरें

### शेड निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन



**आमदी(धमतरी)।** शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला तुमाबैगापारा आमदी में प्रार्थना सभा के लिए शेड निर्माण का भूमिपूजन नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू, पार्षद संतोषी साहू, सरिता साहू , उमानंद कुंभकार, कोमल यादव, जहजीत छबलू साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत माला, शाला विकास समिति अध्यक्ष कामिनी ध्रुव, नारायण मटियारा, जितेंद्र पटेल, तरुण साहू, आनंद साहू की मौजूदगी में किया। प्रधानपाठक बिंदु ध्रुव ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधानपाठक लक्ष्मीकुमार साहू, सविता छाटा, सोमदत्त साहू उपस्थित थे।

### रामपुर स्कूल में बसंत पंचमी मनाई गई



**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में बसंत पंचमी मनाई गई। मां सरस्वती की पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। मौके पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष सोम प्रकाश दुबे, सरपंच ऋषि कुमार साहू, उपसरपंच उत्तम रात्रे, सांसद प्रतिनिधि भैयालाल, प्राचार्य एमआर मनहर, उप प्राचार्य आरके बघेल, व्याख्याता आर के टंडन, केके वर्मा, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू, व्यायाम शिक्षक जीके साहू, डीके साहू, पी शर्मा, एस. साहू, जे. ध्रुव, एम. ठाकुर, ओमेश्वरी साहू समेत छात्र- छात्राएं उपस्थित थे। आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

### राज्यस्तरीय रासेयो शिविर में पचपेड़ी के स्वयंसेवक शामिल




**कोर्रा(भखारा)।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन बलौदाबाजार में किया जा रहा है। इस शिविर में धमतरी जिले से विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन स्तर के कुल 10 स्वयंसेवक सहभागिता कर रहे हैं। जिले की ओर से गुरु घासीदास महाविद्यालय कुरूद की सहायक प्राध्यापक रेणुका पाटले कार्यक्रम अधिकारी के रूप में प्रतिनिधित्व कर रही हैं। धमतरी जिला एनएसएस संगठक निरंजन साहू द्वारा पचपेड़ी क्षेत्र से एक योग्य स्वयंसेवक का चयन कर जानकारी देने हेतु निर्देशित किया गया था। इस पर संस्था के कार्यक्रम अधिकारी मिथिलेश कुमार सिन्हा ने त्वरित पहल करते हुए नवंबर माह में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर में उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन एवं विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता को ध्यान में रखते हुए स्वयंसेवक पायल साहू का चयन राज्यस्तरीय शिविर के लिए किया गया। संस्था के प्राचार्य विनोद ठाकुर ने स्वयंसेवक पायल साहू के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सशिमं आमातालाब में विद्यारंभ संस्कार हुआ



**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. माध्य. विद्यालय आमातालाब में बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन एवं विद्यारंभ संस्कार हुआ। छात्र-



छात्राओं एवं आचार्यों द्वारा वाद्ययंत्रों के साथ भजन कीर्तन करते हुए विद्यालय से रिसाईमाता मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई। मंदिर में पूजा- अर्चना के बाद वेद को शिरोधार्य कर विद्यालय तक लाया गया। ब्राह्मण बुलाकर एक कुंडीय यज्ञ वेदी के साथ यज्ञ हुआ। इस अवसर पर नगर के विभिन्न वार्डों से आमंत्रित अप्रवेशित 35 शिशुओं का विद्यारंभ संस्कार हुआ। मान्यता है कि बसंत पंचमी के दिन यह संस्कार कराने से बच्चे मेघा एवं प्रखर बुद्धि के होते है। कार्यक्रम में विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष ऋषिकांत सिन्हा, स्टाफ एवं अभिभावकगण उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी केवलसिंह साहू ने दी।

# ब्लॉक कांग्रेस भखारा के अध्यक्ष ने किया पदभार ग्रहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा के नवनियुक्त अध्यक्ष होमेन्द्र साहू ने 23 जनवरी को कार्यभार ग्रहण किया। राजीव भवन भखारा में आयोजित कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद साहू, गोविंद साहू पूर्व सभापति, अविनाश गौर समेत अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। मंडल अध्यक्ष रामचंद्र साहू, गैंदलाल साहू, राजा बंजारे, चम्मन साहू का भी स्वागत किया।

श्री साहू ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। मौके पर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राजू साहू, प्रमोद सिन्हा जनपद प्रतिनिधि, सौरभ पाल, दया साहू, मीलू साहू, दयाराम, सोमनाथ, हेमराज गौर, बिसौहाराम, उत्तम सिन्हा, जीवराज देवांगन, संतोष साहू, मेघराज साहू, भानू गायकवाड़ पार्षद, दिनेश यादव, वीरेंद्र साहू, मयंक कोसरे, लोकेन्द्र साहू, यतीश सिन्हा, डा हरदेल समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

# सौ मीटर दौड़ में हितेश्वरी एवं लालचंद अव्वल

- यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय में खेल उत्सव का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर के संरक्षण एवं खेल प्रभारी डॉ. रमा चंद्राकर के नेतृत्व में आयोजित दो दिवसीय खेल उत्सव का समापन हुआ।

100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रथम हितेश्वरी एवं द्वितीय लोभना तथा बालक वर्ग में प्रथम लालचंद एवं द्वितीय ढालसिंह रहे। 200 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में प्रथम ढालसिंह एवं द्वितीय लालचंद तथा बालिका वर्ग में प्रथम योगिता एवं द्वितीय लोभना रहीं। 400 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में प्रथम योगेश एवं द्वितीय ढालसिंह तथा बालिका वर्ग में प्रथम दुर्गेश्वरी एवं द्वितीय भूमिका रहीं। गोला फेंक में बालिका वर्ग में प्रथम चेमिन एवं द्वितीय धनेश्वरी





तथा बालक वर्ग में प्रथम भीखम एवं द्वितीय लालचंद रहे। लंबी कूद में बालिका वर्ग में प्रथम योगिता एवं द्वितीय संगीता तथा बालक वर्ग में प्रथम भीखम एवं द्वितीय डीहू रहे। ऊंची कूद में बालिका वर्ग में प्रथम धनेश्वरी एवं द्वितीय संगीता तथा बालक वर्ग में प्रथम भीखम एवं द्वितीय नंदकिशोर रहे। भाला फेंक में बालिका वर्ग में प्रथम तमेश्वरी एवं द्वितीय चांदनी पटेल तथा बालक वर्ग में प्रथम भीखम एवं द्वितीय नंदकिशोर रहे। तवा फेंक में बालिका वर्ग में प्रथम धनेश्वरी एवं द्वितीय नर्गिस तथा बालक वर्ग में प्रथम भीखम एवं द्वितीय थमेश रहे। बैडमिंटन में बालिका वर्ग में प्रथम सिलोचना एवं द्वितीय पेमिन तथा बालक वर्ग में प्रथम डीहुराम एवं द्वितीय भीषम रहे। चेस में बालक वर्ग में प्रथम खिलेंद्र एवं द्वितीय डीहूराम तथा बालिका वर्ग में प्रथम पेमिन एवं द्वितीय काजल रहीं। कबड्डी प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में धनेश्वरी एवं उनकी टीम (खेमलता, नर्गिस, भूमिका, ज्योति, तिजिया लता) विजेता रही तथा बालक वर्ग में किरण कुमार एवं उनकी टीम (लालचंद, नंदकिशोर, टुमेश, विवेक, देवानंद, प्रेमचंद ने विजय प्राप्त की।

खेलों का संपादन बेदराम साहू, रूपेश्वरी साहू, प्रवीर साहू, भावसिंह बंजारे क्रीड़ा अधिकारियों द्वारा कराया गया।

### सिवनीकला स्कूल में संकुल स्तरीय कबड्डी टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

# कबड्डी में फुसेरा बालक एवं सिंधौरीकला बालिका ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनीकला में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन एवं जिला प्रशासन धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में ग्रास रूट स्पोर्ट्स कार्यक्रम अंतर्गत कुरूद संकुल स्तरीय कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मिडिल स्कूल सिवनीकला, मरौद, बगदेही, सिंधौरीकला, फुसेरा एवं खर्रा के बालक एवं बालिका वर्ग की टीमों ने भाग लिया। कड़े मुकाबलों के बाद





बालक वर्ग में माध्यमिक शाला फुसेरा तथा बालिका वर्ग में सिंधौरीकला की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टेकराम साहू जनपद सदस्य थे।अध्यक्षता दाऊ टिकेश्वर चंद्राकर सिवनीकला ने की। चंद्रप्रकाश साहू की भी उपस्थिति रही। विशिष्ट अतिथि पूर्व जनपद सदस्य सुशील साहू, सरपंच लता जितेश्वर ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि जितेश्वर ध्रुव, उपसरपंच दीपदान साहू, ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम साहू, दिलीप साहू, पंचायत सचिव वेद प्रकाश साहू, पंचायत ऑपरेटर बबीता साहू, लोमस साहू थे। कार्यक्रम में छग के अंतर्राष्ट्रीय बाल बैडमिंटन खिलाड़ी नरेंद्र एवं उनके कोच गोपाल साहू शामिल हुए जिससे बच्चे प्रेरित हुए।

मौके पर शाउमावि सिवनीकला के प्राचार्य एवं शिक्षकगण तथा प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन से आशीष व्यास, वीरेन्द्र, दिनेश बोरसे, मोतीलाल देवांगन, हरेश साहू, चेतन यादव, ईश्वरलाल साहू, सुशील साहू, बीरेंद्र साहू एवं अन्य प्रशिक्षकों की उपस्थिति रही।

# जिसके घर में तुलसी का पौधा 3 साल तक रह गया उसे भागवत करवाने की जरूरत नहीं : जोगी





- जीजामगांव में संगीतमय शिव महापुराण कथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

ग्राम जीजामगांव में सात दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा जारी है। कथावाचक हलधरनाथ जोगी कोपरा राजिम हैं।

श्री जोगी ने कहा कि देवी पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की, कामदेव को भस्म करवाया और अंततः नारद मुनि व सप्तर्षियों की सहायता से शिव ने उनका प्रेम स्वीकार कर उनसे विवाह किया, जो शिवपुराण और रामायण में वर्णित है। यह कथा भक्ति, तपस्या और प्रेम के अटूट बंधन को दर्शाती है। भगवान शिव की पहली पत्नी सती ने दक्ष यज्ञ में अपने पिता के अपमान से दुखी होकर आत्मदाह कर लिया था। बाद में उन्होंने ही हिमालय की पुत्री के रूप में पार्वती के रूप में पुनर्जन्म लिया। पार्वती बचपन से ही शिव को अपना पति मान चुकी थीं। उन्होंने शिव को पाने के लिए कठोर तपस्या की, जिससे समस्त देवता चकित रह गए। उनके तप को भंग करने और शिव-पार्वती के मिलन के लिए कामदेव को भेजा गया लेकिन शिव ने क्रोधवश अपने तीसरे नेत्र से कामदेव को भस्म कर दिया। पार्वती की अटूट भक्ति और तपस्या से अंततः शिव का हृदय पिघल गया। उन्होंने पार्वती के प्रेम और दृढ़ संकल्प को स्वीकार किया। महापुराण की कथा के अनुसार जिसके घर में तुलसी का पौधा 3 साल तक रह गया उसे भागवत करवाने की जरूरत नहीं है, उसे भागवत कथा का लाभ मिलेगा।

## अंचल की खबरें

### नीरज बने दूसरी बार व्यापारी संघ के अध्यक्ष



**कुकरेल(धमतरी)।** आदर्श व्यापारी संघ कुकरेल का चुनाव हुआ। कोषाध्यक्ष विजय साहू एवं सचिव टिकेश्वर मानिकपुरी निर्विरोध चुने गए। वहीं अध्यक्ष पद के लिए नीरज कुमार साहू, ओमप्रकाश साहू ने दावेदारी की। ओमप्रकाश को 19 मत एवं नीरज कुमार साहू को 32 मत मिले। इस प्रकार 13 मतों से नीरज कुमार साहू विजयी घोषित हुए। चुनाव प्रभारी रूप सिंह साहू, कमल नारायण सिन्हा, श्यामलाल कोर्राम, टेलेश्वर सिंह ठाकुर थे।

### अरौद डुबान में मनाई गई बसंत पंचमी



**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय माध्यमिक शाला अरौद डुबान में बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्या की देवी मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों ने विद्यार्थियों को विद्या, संस्कार और अनुशासन के महत्व की जानकारी दी। इस अवसर पर भुवनप्रसाद सोरी, उत्तम कुमार जांगड़े, शिवशंकर तेता, उर्मिला ध्रुव, शाबरा बी. तथा मकसूदन नेताम उपस्थित थे। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक उत्तम कुमार गंगवीर का विशेष योगदान रहा।

### भेण्डसर में श्रीमद भागवत महापुराण 27 से

**अंवरी।** ग्राम भेण्डसर निवासी लोकेश्वर साहू द्वारा अपने माता-पिता स्व. पुनारदराम साहू, स्व. नीराबाई साहू की स्मृति में श्रीमद् भावगत महापुराण



ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 27 जनवरी से 3 फरवरी तक किया जा रहा है। कथावाचक राष्ट्रीय संत सर्वेश्वरानंद सरस्वती महाराज चित्रकूट (मध्यप्रदेश) होंगे। आयोजक लोकेश्वर प्रसाद साहू, डिगेश्वरी साहू, मोनिका, काजल, गगन साहू ने बताया कि कथा 1 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। 27 जनवरी को कलशयात्रा, भागवत स्थापना, 28 जनवरी को सुकदेव आगमन, परीक्षित को श्राप और भीष्म पितामह प्रसंग, 29 जनवरी को कपिल देवहुति एवं ध्रुव चरित्र, 30 जनवरी को प्रहलाद चरित्र, समुद्र मंथन, कृष्ण जन्म, 31 जनवरी को बाल चरित्र, गोवर्धन पूजन एवं छप्पन भोग, 1 फरवरी को महारास, श्री कृष्ण रुक्मिणी विवाह एवं 2 फरवरी को सुदामा चरित्र, पूर्णाहुति के साथ भंडारा होगा।

### महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की हुई बैठक

**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय में डा. मनदीप खालसा प्राचार्य के मार्गदर्शन एवं डॉ. अश्वनी ध्रुव जनभागीदारी प्रभारी के संयोजन में जनभागीदारी समिति की बैठक हुई। बैठक में महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 2026 हेतु विचार विमर्श, महाविद्यालय में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष के प्रथम तल में एक कक्ष निर्माण हेतु प्रस्ताव, कार्यालय से कक्ष क्र. 10 इतिहास विभाग तक बरामदे के क्षतिग्रस्त टाईल्स मरम्मत हेतु प्रस्ताव रखा गया। एलुमनी मीट का आयोजन तथा महाविद्यालय में सोलर पैनल की व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। जनभागीदारी अध्यक्ष अजय ध्रुव ने पूर्व में प्रस्तावित विकास कार्यों का जायजा लिया एवं सभी निर्माण शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए। बैठक में जनभागीदारी समिति के सदस्य हृदयलाल साह, राजेश गोसाई, विनय नाहटा, श्रीमती लक्ष्मी ठाकरे, वरिष्ठ प्राध्यापक रमेश देवांगन, प्रो. आरआर मेहरा, श्रीमती लोकेश्वरी राठिया, प्रो. जयराम कुर्रे, प्रो. हितेशानंद ठाकुर, प्रो.कौशल नायक, डॉ. कविता, प्रो.लालमन बेरवंश, डॉ. खेमचंद, डॉ.वेणु साहू, प्रमोद चौरे, सीता नेताम, डिलेश्वरी पटेल, सागर मंडावी, कृष्णकुमार सिन्हा, अब्बास मेमन उपस्थित थे।

### भक्त को ईश्वर संकट से अवश्य बचाते हैं- अंगेश्वर

**अंवरी।** ग्राम कुर्रा में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 17 से 24 जनवरी तक किया गया है। कथावाचक पं. अंगेश्वर प्रसाद मिश्रा ने



कथा के पांचवें दिवस गजेंद्र मोक्ष, सागर मंथन, देवासुर, संग्राम, वामन अवतार, बलि चरित्र के बारे में बताते हुए कहा कि ये सभी श्रीमद्भागवत पुराण अंतर्गत आने वाली महत्वपूर्ण पौराणिक कथाएं हैं जो भगवान विष्णु की लीलाओं, शरणागति और धर्म की स्थापना को दर्शाती हैं। आगे कहा कि एक बार गजेन्द्र नामक हाथी सरोवर में पानी पीने गया, जहां उस मगरमच्छ (ग्राह) ने उसका पैर पकड़ लिया। संघर्ष बहुत दिनों तक चला और हाथी कमजोर पड़ने लगा। गजेंद्र ने भगवान विष्णु का स्मरण किया और एक कमल का फूल अर्पित किया। भगवान विष्णु ने गरुड़ पर आकर सुदर्शन चक्र से मगरमच्छ का वध किया और गजेंद्र को बचाया। मृत्यु के समय प्रभु के दर्शन पाकर दोनों को मोक्ष मिला। यह कथा सिखाती है कि अहंकार त्यागकर जब जीव पूरी तरह भगवान की शरण में जाता है, तो ईश्वर उसे संकट से अवश्य बचाते हैं।

### सिर्री में कवियों ने किया काव्य पाठ



**सिर्री।** ग्राम सिर्री में मानस मर्मज्ञ रामेश्वर प्रसाद सिन्हा द्वारा आयोजित भागवत कथा के छठवें दिवस संगवारी साहित्य समिति सिर्री और अन्य स्थानों से पहुंचे कवियों ने काव्यपाठ कर रस से सराबोर किया। सरदार सौहेन्द्र सिंह गुरुदत्ता ने साहित्य समिति के उत्तरोत्तर प्रगति के लिए रचनाकारों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का शुभारंभ सेलिना दावना ने वंदना गीत और छत्तीसगढ़ की गौरवगाथा गाकर किया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार मोहनलाल घिवरिया, प्यारेलाल साहू, गंगा प्रसाद, बृजलाल परमानंद दावना, सूर्यलाल साहू, जेएल गुहा, कामताप्रसाद साहू, मोहन कंसारी, लीलाराम सिन्हा, प्रदीप साहू कुंवरदादा, नरेंद्र कुमार पार्थ, राजू छत्तीसगढ़िया, नरेश कुमार साहू, यश कुमार साहू, सितेश्वर सिन्हा ने रचना पाठ कर भावविभोर कर दिया। कवि सम्मेलन का संचालन निरंजन ठहाका और रामेश्वर साहू ने किया। आयोजक सिन्हा परिवार ने कवियों को शॉल, श्रीफल भेंटका सम्मानित किया। संगवारी साहित्य समिति सिर्री के साहित्यकार निरंतर साहित्यिक गोष्ठी से अंचल में साहित्य और कविता के प्रति माकूल वातावरण निर्मित कर रहे हैं। निरंतर वैचारिक गोष्ठियां आयोजित हो रही हैं जिसमे प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकारों की भागीदारी होती है।

### गोजी स्कूल को मिला स्मार्ट टीवी

**सिर्री।** ग्राम पंचायत गोजी की प्राथमिक व माध्यमिक शाला को मानव अधिकार परिषद रायपुर के संयुक्त सचिव मुरा निवासी संजीव सार्वा ने स्मार्ट क्लास के लिए स्मार्ट टीवी प्रदान किया है। गौरतलब है कि श्री सार्वा ने इससे पहले सभी बच्चों को स्पोर्टस टीशर्ट और पैंट प्रदान की थी।

अग्निवीर भर्ती रैली के समापन पर हुआ सम्मान समारोह

# प्रदेश के लगभग 1900 युवाओं का अग्निवीर में होगा चयन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले में 10 जनवरी से लगातार आयोजित हो रही अग्निवीर भर्ती रैली के अंतिम दिन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने बताया कि इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से प्रदेश के लगभग 1900 युवाओं का अग्निवीर सैनिक के रूप में चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेना से जुड़कर युवाओं को जीवन में नई दिशा और दशा मिली है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहते हुए फिटनेस, अनुशासन और मेहनत पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि जिले में अग्निवीर भर्ती रैली के आयोजन से स्थानीय युवाओं को विशेष प्रोत्साहन मिलेगा। जिले में भूतपूर्व सैनिकों द्वारा युवाओं को आर्मी भर्ती की तैयारी हेतु प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे आने वाले समय में अधिक से अधिक युवा सेना में शामिल होकर देश सेवा करेंगे और जिले को गौरवान्वित करेंगे।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने इस सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी विभागों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी तथा भविष्य में भी ऐसी रैलियों के आयोजन की बात कही।

कार्यक्रम के प्रारंभ में आर्मी के कर्नल अरुण कालिया ने भर्ती रैली की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य से लगभग 28 हजार आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से करीब 9 हजार युवा लिखित परीक्षा उत्तीर्ण कर रैली में शामिल हुए। इन युवाओं के फिजिकल टेस्ट एवं दस्तावेजों का सत्यापन किया गया, जिसमें से लगभग 2 से 2.5 हजार युवा सेना में भर्ती होने के लिए तैयार हैं।

उन्होंने इस सफल आयोजन में सहयोग के लिए कलेक्टर श्री मिश्रा एवं जिला प्रशासन के सभी विभागों का धन्यवाद किया। कर्नल श्री कालिया ने कहा कि जिला भले ही छोटा हो, लेकिन यहां के युवाओं का जज्बा बड़ा है। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में एसडीएम एस. तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएल कौशिक, जिला परिवहन अधिकारी मुजाहिद खान, नगर निगम उपायुक्त पी.सी. सार्वा, जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती पुष्पा साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बसंत पंचमी पर छात्रों ने मां सरस्वती की पूजा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

भारत माता स्कूल में 23 जनवरी को बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। माता सरस्वती की पूजा की गई। साथ ही विद्यारंभ संस्कार किया गया। विद्यालय के प्राचार्य कुलेश पटेल एवं लता पटेल ने पूजा कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर पालकगण राजकुमारी साहू, भोजराम साहू, हेमलता साहू ने अपने बच्चों का विद्यारंभ कराया। यह एक पारंपरिक हिंदू संस्कार है जो बच्चे की शिक्षा की औपचारिक शुरुआत का प्रतीक है। शुभ मुहूर्त में भगवान गणेश और सरस्वती की पूजा के बाद कलम-दवात के साथ अक्षर ज्ञान (अक्षर अभ्यास) कराया जाता है, जिसका उद्देश्य बच्चे के मन में विद्या के प्रति सम्मान और लगन पैदा करना है, ताकि उसकी बुद्धि और सीखने की क्षमता बढ़े। इसे अक्षरांभ या शिक्षा-आरंभ संस्कार भी कहते हैं। यह ज्ञान प्राप्ति की पवित्र साधना का पहला कदम होता है। बच्चों ने भी मां सरस्वती की पूजा की। मौके पर स्कूल के शिक्षकगण रेशमा बांधे, हेमलता साहू, खिलेश्वरी नगारची एवं त्रिभुवन कौशिक उपस्थित थे।

### प्राधिकृत अधिकारी करेंगे ध्वजारोहण

**धमतरी।** 26 जनवरी सोमवार को कार्यालय जिला सहकारी संघ मर्यादित में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रातः 8:30 बजे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाएगा। प्राधिकृत अधिकारी सीपी साहू कार्यालय जिला सहकारी संघ मर्यादित में ध्वजारोहण करेंगे।

## अनुशासन के साथ आगे बढ़ने से ही लक्ष्य की प्राप्ति : जायसवाल



■ आमदी कॉलेज में रासेयो इकाई ने मनाई बसंत पंचमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरणप्रसाद जायसवाल के निर्देशानुसार एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में रासेयो इकाई द्वारा बसंत पंचमी मनाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में ज्ञान, शिक्षा, संस्कार एवं अनुशासन के प्रति प्रेरणा विकसित करना था।

इस अवसर पर तुलसी रानी एवं संगीता साहू द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह पर्व ज्ञान, कला, साहित्य एवं शिक्षा के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन, परिश्रम और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने तथा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। उन्होंने हिंदी साहित्य के महान कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का उल्लेख करते हुए बताया कि निराला जी ने अपने काव्य में बसंत को नवचेतना, उमंग और सृजनशीलता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया है तथा बसंत को जीवन में नए उत्साह और ऊर्जा का संदेशवाहक माना है।

इस कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक अंकित बोधवानी, अतिथि व्याख्याता युगेश्वर प्रसाद, रमेशकुमार, डॉ. उपमा, डॉ. खुशबू ठाकुर, कार्यालयीन स्टाफ सविता गिलहरे सहित रासेयो इकाई के स्वयंसेवक संदीप कुमार, खुशबू, योगिता साहू, सोमप्रकाश, मोनीश, साहिल, दिव्या पटेल, प्राची, शिप्रा, ट्विंकल, पूर्वी का विशिष्ट योगदान रहा।

## नवागांव परिक्षेत्र में आदिवासी गोंडवाना समाज का भवन लोकार्पित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नवागांव परिक्षेत्र में आदिवासी गोंडवाना समाज के नवनिर्मित समाज भवन का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव सहित समाजजनों ने किया।

बताया गया कि गोंडवाना समाज लंबे समय से समाज भवन की आवश्यकता महसूस कर रहा था। वर्ष 2018 में पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव की पहल पर समाज के सामूहिक प्रयास एवं सहयोग से भवन निर्माण की शुरुआत की गई थी। भवन निर्माण में समाज के लोगों का उल्लेखनीय योगदान रहा, जिसके फलस्वरूप आज यह भवन समाज को समर्पित किया गया। इस अवसर पर विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि समाज का जीवन तब तक सशक्त नहीं हो सकता, जब तक आदिवासी वर्ग में बेरोजगारी एवं अशिक्षा जैसी समस्याएं बनी रहती हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के अभाव एवं संसाधनों की कमी आज भी एक बड़ी चुनौती है। ऐसे में आदिवासी समाज को संगठित होकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि यह समाज भवन भविष्य में सामाजिक बैठकों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, शैक्षणिक गतिविधियों एवं अन्य सामाजिक आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनेगा। इससे समाज को संगठित होने तथा अपनी परंपराओं और संस्कृति को सहेजने में नई दिशा मिलेगी। उन्होंने युवाओं से नशापान, अव्यवस्था एवं असामाजिक गतिविधियों से दूर रहकर शिक्षा एवं संस्कारों की ओर अग्रसर होने का आह्वान किया।

## सामुदायिक भवन का लोकार्पण भगवान शिव की हुई प्राण-प्रतिष्ठा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 4 एवं वार्ड क्रमांक 7 की सीमा पर बीएसएनएल टॉवर के पास नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया। नव-निर्मित शिव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन भी श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ हुआ। नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने सामुदायिक भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। इसके पश्चात जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने शिव मंदिर में माथा टेककर नगर की सुख-समृद्धि एवं निरंतर विकास के लिए भगवान शिव से आशीर्वाद प्राप्त किया। वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद नरेश पटेल एवं वार्डवासियों के आर्थिक सहयोग से शिव मंदिर का निर्माण संभव हो पाया है। मंदिर का निर्माण संतोष निषाद द्वारा किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने बताया कि सामुदायिक भवन के निर्माण से वार्ड के लोगों को सुख-दुख एवं धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान सुविधा मिलेगी, जिससे इसकी उपयोगिता और अधिक बढ़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि आगे चलकर इस क्षेत्र में कई अन्य विकास कार्य प्रस्तावित हैं। पार्षद नरेश पटेल की निधि से गांधी चौक का निर्माण, गांधी सागर तालाब का विकास एवं सीसी रोड पुलिया जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। मौके पर लोक निर्माण विभाग के सभापति अश्वनी निषाद, वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद नरेश पटेल, वार्ड क्रमांक 7, मिक्की गुप्ता, देवचरण ध्रुव, शंकर देव, पूर्व पार्षद जितेंद्र ध्रुव, सुकारो बाई सिन्हा, बसंत साहू, संतोष सिन्हा, मनीष ध्रुव समेत अन्य मौजूद थे।

## दस वर्ष की सेवा पूरी कर चुके संविदा कर्मचारियों की सेवा आगे भी जारी रहेगी



■ छग बिजली कर्मचारी संघ महासंघ को संविदा कर्मचारियों के वेतनवृद्धि मुद्दे में मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ सदैव कर्मचारी हितैषी मुद्दों को विद्युत प्रबंधन के समक्ष उठता रहा है और उसे पूरा कराने लगातार विद्युत प्रबंधन से सकारात्मक चर्चा करता आया है। चर्चा विफल होने पर आंदोलन की रणनीति तय कर आंदोलन के माध्यम से मांग पूरी कराने प्रयास किया जाता रहा है।

इसी क्रम में विगत कई वर्षों से लंबित 22 सूत्रीय मांगों में से दो प्रमुख मांग 2004 के पश्चात कंपनी में नियुक्त कर्मचारियों - अधिकारियों की पुरानी पेंशन और संविदा नियमितीकरण मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय मजदूर संघ के मंत्री एवं उद्योग प्रभारी राधेश्याम जायसवाल के मार्गदर्शन में 9 अक्टूबर 2025 को विद्युत कंपनी मुख्यालय डंगनिया में विशाल आमसभा और धरना प्रदर्शन किया गया था। परिणाम स्वरूप 24 अक्टूबर को चेयरमैन के साथ द्विपक्षीय वार्ता में संविदा कर्मचारियों की वेतन वृद्धि के संबंध में मिनट्स ऑफ मीटिंग में प्रबंधन द्वारा महासंघ के प्रतिनिधियों से प्रस्ताव मांगा गया था। महासंघ के प्रयास से महासंघ के प्रतिनिधियों के समक्ष विद्युत कंपनी प्रबंधन द्वारा संविदा कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि संबंध में आदेश जारी किया गया और 10 वर्ष सेवा पूर्ण कर चुके संविदा कर्मचारियों की सेवा आगे जारी रखने आदेश जारी किया गया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय मजदूर संघ के मंत्री एवं उद्योग प्रभारी राधेश्याम जायसवाल, अखिल भारतीय बिजली कर्मचारी महासंघ के उपमहामंत्री हरीश चौहान, कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा, सदस्य डीके यदु, रीता बघेल, महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय तिवारी, प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ, कार्यकारी अध्यक्ष तेजप्रताप सिंहा, उपाध्यक्ष मोरध्वज जायसवाल, सदस्य केमल वर्मा, पूरन दास, राकेश सैनी, कल्पना तुमराम रायपुर क्षेत्र के अध्यक्ष परमेश्वर कन्नौजे, सचिव नीलांबर सिन्हा उपस्थित थे।

## मड़ई से पहले नगर पंचायत ने चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगरी मड़ई मेला का आयोजन शनिवार 24 जनवरी को नगर व्यवस्था समिति द्वारा किया गय है। इस आयोजन को बेहतरीन बनाने के लिए नगर पंचायत नगरी एवं नगर व्यवस्था समिति के सहयोग से मड़ई मेला स्थल एवं आसपास के क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में मेला स्थल, मड़ाईभाठा क्षेत्र एवं नगर के माता तालाब की साफ-सफाई की गई। बाहर से आने वाले दुकानदारों एवं नगरवासियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर सफाई कार्य किया गया। चुनाव में विजय के पश्चात यह अध्यक्ष एवं पार्षदगणों का प्रथम मड़ई मेला है, जिसे स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए नगर पंचायत पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर नगर व्यवस्था समिति अध्यक्ष नंदकुमार यादव, सचिव दीपेश निषाद, सुरेश साहू, शैलेंद्र लहोरिया, ज्वाला प्रसाद साहू, प्रदीप निषाद, योगेश कुमार साहू, लोक निर्माण विभाग के सभापति अश्वनी निषाद, नगर पंचायत से दुर्गेश साहू, पुष्कर पाटिल, सबइंजीनियर परमेश कुमार ध्रुव, कमलेश निषाद, राजेंद्र साहू समेत स्वच्छता दीदी, विभिन्न विभागों के जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

## जीजामगांव में रामायण प्रतियोगिता 30 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

ग्राम जीजामगांव में रामायण प्रतियोगिता 30 जनवरी से 1 फरवरी तक होगी। प्रथम दिवस 30 जनवरी को गोपेश्वर बाल सखा मानस परिवार बिहाझर बागबाहरा, रोशनी महिला मानस मंडली बिरकोनी महासमुंद, पारसमणि मानस परिवार पुरानी बस्ती रायपुर, विश्व कल्याण मानस मंडली कन्हारपुरी धमतरी, अवध रघुनंदन मानस परिवार छलकनी नगरी, जय मां विंधेश्वरी मानस मंडली गोकुलपुर धमतरी, मां गौरी बालिका परिवार अरौद लीलर, जय मां संतोषी महिला मानस मंडली बनबगौद राजनांदगांव, जय मां अंबे गौरी मानस मंडली रेगकठेरा कांकेर, 31 जनवरी को जय मां दुर्गा मानस एवं जगराता बासीन गरियाबंद, शारदा रानी मानसपरिवार सोरिद महासमुंद, जय श्रीराम मानस परिवार भलेसर महासमुंद, माधुरी महिला मानस मंडली नहरगांव गरियाबंद, अदिति हर्षा बालिका मानस परिवार बागबाहरा महासमुंद, तुलसी मंजरी महिला मानस मंडली कोपरा राजिम,



गुरु कृपा बाल संस्कार मानस परिवार बेलमांड बालोद, जय मां कर्मा महिला मानस मंडली फरसियां नगरी, 1 फरवरी को स्वाति महिला मानस मंडली रूआबांधा भिलाई, स्वराजंलि मानस मंडली बीजाबैरागी कवर्धा, ममता मानस परिवार नवागढ़ बेमेतरा, श्रीराम मानस मंडली सोनपुरी खैरागढ़, जय मां चितावर महिला मानस मंडली सारागांव गरियाबंद, नव चेतना मानस परिवार भटगांव कुरूद, श्रद्धा सुमन मानस परिवार बनबगौद नगरी, पीपल के छैया मानस परिवार परसोदा कांकेर की मनमोहक प्रस्तुति होगी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### डाभा में गुहा जयंती 25 को

**मगरलोड।** ग्राम डाभा में निषाद समाज द्वारा भक्त गुहा निषाद राज जयंती 25 जनवरी रविवार को मनाई जाएगी। सुबह 10 बजे निषाद कलश यात्रा, दोपहर 2 बजे सत्यनारायण कथा पूजा, 4 बजे अतिथि सम्मान व उद्बोधन होगा। रात्रि 9 बजे संगम छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी चंदा के अंजोर छिपली जामली की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ग्रामीण निषाद समाज अध्यक्ष कन्हैया निषाद, कोषाध्यक्ष केवल निषाद ने दी है।

### जुगदेही में मानसगान सम्मेलन आज से

**अमलीडीह (भखारा)।** ग्राम जुगदेही में ग्रामवासियों के सहयोग से 24 एवं 25 जनवरी को मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। शुभारंभ अवसर के अतिथि श्रीमती उर्वशी सरपंच जुगदेही, भोलाराम साहू अध्यक्ष सहकारी समिति, डॉ. कन्हैया साहू उपसरपंच जुगदेही, ठवनलाल साहू, मदन शर्मा, बृजभान गिरि, दीनबंधु सेन, हेमशंकर साहू, कृपाराम साहू, शंकर साहू, महाबली साहू, चिरौंजीलाल साहू होंगे। 24 जनवरी को सत्संग सरिता मानस मंडली हसदा, पीयूष मानस मंडली नवागांव, आराधना मानस मंडली बटरेल, निकेतन मानस परिवार नेवारीखुर्द, मां दंतेश्वरी महिला मानस मंडली खम्हरिया, श्रीराम महिला मानस मंडली अहिबरन नवागांव और सुर श्रृंगार मानस परिवार गातापार अभनपुर की प्रस्तुति होगी। द्वितीय दिवस त्रिमूर्ति मानस परिवार बैहार, हरिओम मानस मंडली चोरभट्ठी, श्री भगवती मानस मंडली सेनचुवा, शारदा मानस परिवार रामपुर श्रीराम मानस मंडली ढाबाडीह, कौशल्या मानस मंडली गुजरा की प्रस्तुति होगी। मंच संचालन टोडर साहू जुगदेही करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी में हीरालाल साहू, रेमन सिंह साहू, जागेश नेताम, खेमलाल अग्रवाल, सुरेंद्रगिरी गोस्वामी, खेदूराम साहू, हूबलाल यादव, मोहित अग्रवाल, गोपेश निषाद, सत्यवान यादव जुटे हुए हैं। यह जानकारी समिति के कोषाध्यक्ष टोडर राम साहू ने दी।

### जिले में राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 को

**धमतरी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में 25 जनवरी को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिले के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 56-सिहावा, 57-कुरूद एवं 58-धमतरी के सभी मतदान केंद्रों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा नए मतदाताओं का स्वागत करते हुए उन्हें मतदाता शपथ दिलाई जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस वर्ष की थीम मेरा भारत, मेरा वोट निर्धारित की गई है। इस अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम 25 जनवरी को सुबह 11 बजे बीसीएस शासकीय महाविद्यालय धमतरी में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में नए मतदाताओं को स्वागत बैज पहनाकर सम्मानित किया जाएगा तथा उपस्थित मतदाताओं को लोकतांत्रिक जिम्मेदारियों की शपथ दिलाई जाएगी। कार्यक्रम के दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अबिनाश मिश्रा ने नागरिकों से लोगों से कार्यक्रम में सहभागिता कर लोकतंत्र को सशक्त बनाने की अपील की है।

### रामपुर में लोककला महोत्सव कल से

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम रामपुर में भारती जस झांकी मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से लोक कला महोत्सव का आयोजन 25 से 26 जनवरी तक किया जा रहा है। 25 जनवरी रविवार को जय मां शीतला भुवनेश्वर जस एवं फाग रेवाडीह राजनांदगांव, रामधुनी मंडली ग्राम खुटेरी बालोद, जय जागृति जस बैईया झांकी परिवार मौलीभाठा शिवसागर नाचापार्टी ग्राम लटमर्रा एवं 26 जनवरी को जय महामाया महिमा अपार जस बैईया झांकी परिवार बेंद्रीकला, जय ईश्वर देव पूरन जस झांकी परिवार बघेरा, जय बजरंग रामधुनी डोटोपार, मोर गांव के शीतला दाई जस झांकी एवं फाग परिवार मोहंदी की प्रस्तुति होगी। इस आयोजन को गति प्रदान करने में अध्यक्ष तोडर साहू, उपाध्यक्ष रूपराम साहू, सचिव तेजराम साहू, सह सचिव चम्मनलाल साहू, कोषाध्यक्ष मीलूराम साहू जुटे हुए हैं।

## बीते छह महीनों में सोने के दाम में 50 हजार रुपये तक की बढ़ोतरी

# सोना चमका, चांदी दमकी बाजार में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



स्थानीय सराफा बाजार में सोना और चांदी की कीमत ने नया रिकॉर्ड बना लिया है। बीते छह महीनों में सोने के दाम में करीब 50 हजार रुपये तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे आम उपभोक्तापरेशान नजर आ रहा है। सोना-चांदी की इस तेज़ी ने न केवल निवेशकों बल्कि शादी-विवाह और घरेलू जरूरतों के लिए आभूषण खरीदने वालों की चिंता भी बढ़ा दी है।

सोना-चांदी के व्यापारी स्वरूपचंद छाजेड़ ने बताया कि यह पहली बार है कि जब सोने की कीमत इतनी ऊंचाई पर पहुंची है। वर्तमान में 916 ब्रांच सोना 1 लाख 44 हजार 250 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया है। इसी तरह 833 ब्रांच सोना 1 लाख 31 हजार 700 रुपये और 750 ब्रांच सोना 1 लाख 19 हजार 116 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लगातार बढ़ती कीमतों के कारण सोना अब आम आदमी की पहुंच से बाहर होता जा रहा है।

चांदी के दाम में भी जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। बाजार में चांदी 3 लाख 40 हजार रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। यानी 10 ग्राम चांदी की कीमत 3 हजार 400 रुपये हो गई है। चांदी के इस तेज़ भाव ने छोटे व्यापारियों और ग्राहकों दोनों को चौंका दिया है।

ग्राहकों का कहना है कि मौजूदा हालात में सोने में निवेश करना अब लाभकारी नहीं लग रहा। हेमशंकर पांडे और विनीता पांडे ने बताया कि कीमतें इतनी ज्यादा हो गई हैं कि मध्यम वर्ग के लिए सोना खरीदना मुश्किल हो गया है। वहीं लता रानी सोनवेर और घनश्याम चंद्राकर का कहना है कि ज्वेलरी बनवाना अब भारी पड़ रहा है, इसलिए आर्टिफिशियल ज्वेलरी का सहारा लेना पड़ रहा है। उर्वशी चंद्राकर ने कहा कि बढ़ती महंगाई और सोने-चांदी के दाम के चलते लोग अब विकल्प तलाशने को मजबूर हैं।

सराफा बाजार से जुड़े जानकारों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार, डॉलर में उतार-चढ़ाव और वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों का सीधा असर सोने-चांदी की कीमत पर पड़ रहा है। यदि यही रुझान जारी रहा, तो आने वाले दिनों में सराफा बाजार में और अधिक हलचल देखने को मिल सकती है।

## टॉपर छात्रों के साथ उनके पालक भी हुए सम्मानित



■ बिरेतरा स्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा की गई

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

बोर्ड परीक्षाओं में गुणवत्ता एवं शत-प्रतिशत परीक्षाफल प्राप्त करने के उद्देश्य से सभी विद्यालयों में शिक्षा गुणवत्ता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिरेतरा में पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणामों से पालकों को अवगत कराया गया तथा टॉपर विद्यार्थियों के साथ उनके पालकों को भी सम्मानित किया गया। प्रभारी प्राचार्य गेवाराम नेताम द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। सेवानिवृत्त व्याख्याता घनश्याम सिंह साहू ने मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों के लिए नकद पुरस्कार की घोषणा की। उन्होंने संस्कारयुक्त शिक्षा पर जोर दिया। बैठक में टीकाराम साहू, नरेंद्र कुमार साहू, अलखराम सेन, मुन्नालाल पटेल, गोवर्धन साहू, देवकुमार, भुनेश्वरी साहू, कमलेश यादव सहित शिक्षक रोहित साहू, चोवाराम चंद्राकर, श्रीमती के. साहू, लीलाराम साहू, रात्रेश्वर सिन्हा तथा संकुल बिरेतरा के सभी प्रधानपाठक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री देवांगन ने किया।

## सिंधी समाज ने शहर कांग्रेस अध्यक्ष का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

पूज्य पंचायत सिंधी समाज द्वारा आमापारा स्थित सिंधी धर्मशाला में नव नियुक्त शहर अध्यक्ष गौतम वधवानी का सम्मान किया गया। समाज के मुख्या चंदूलाल जसवानी ने कहा कि आज समाज के युवाओं को राजनीति से जुड़कर समाज सेवा, देश सेवा में आगे बढ़ना चाहिए। समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना चाहिए।

मोहन लालवानी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने गौतम को शहर की सेवा और जनता के बीच जाकर उनके हक में आवाज उठाने का मौका दिया है। इस अवसर पर गौतम वाधवानी ने समाज से मिले सम्मान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी वर्ग की आवाज बनकर हमेशा उनके साथ खड़ा रहूंगा।

कार्यक्रम का संचालन संतोष तेजवानी, बंटी वाधवानी ने किया। कार्यक्रम में रामचंद्र वाधवानी, अशोक वाधवानी, अशोक चारवानी अशोक दुंबानी, अमर पिंजानी, जयरामदास वाधवानी, लक्ष्मण दास वाधवानी, दरियानामल वाधवानी, रजत जसूजा, राहुल बख्तानी, हरि वाधवानी समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## सिवनीखुर्द में शहीद मिंधू कुम्हार की जन्म जयंती मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

ग्राम सिवनीखुर्द में शहीद मिंधू कुम्हार की जन्म जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशव साहू थे। कार्यक्रम का शुभारंभ कलशयात्रा के साथ किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल, सरपंच श्रीमती धनेश्वरी साहू, सेतु प्रजापति, विजय प्रजापति, तोरण चक्रधारी, हिरामन पांडे, रीवा प्रजापति, तोरण चक्रधारी, शिक्षक परशुराम सहित समाजजन उपस्थित थे। मुख्य अतिथि केशव साहू ने अपने उद्बोधन में समाज के लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने, बच्चों को संस्कारवान बनाने तथा समाज के प्रति सजग रहने की अपील की।

उन्होंने शहीद मिंधू कुम्हार के जीवन, संघर्ष एवं बलिदान को याद करते हुए उनकी जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। कुंभकार समाज की मांग पर केशव साहू ने किचन शेड निर्माण हेतु अपनी जनपद निधि फंड से एक लाख रुपये देने की घोषणा की।

## प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की हुई समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में कलेक्टर की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लक्ष्यों की प्राप्ति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा लक्ष्य प्राप्ति हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान बैंकों में ऋण प्रकरणों के लंबित रहने पर नाराजगी व्यक्त की गई। इस पर कलेक्टर ने बैंक ऑफ बड़ौदा, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सहित संबंधित बैंकों को योजना से जुड़े सभी ऋण प्रकरणों का निपटारा गाइडलाइन के अनुसार 15 दिवस के भीतर करने के निर्देश दिए। योजना के क्रियान्वयन एवं आम नागरिकों को बैंकिंग प्रक्रिया में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से विद्युत विभाग एवं



बैंकों को ब्लॉक मुख्यालय, नगर पंचायत एवं नगर पालिका स्तर पर शिविर आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में कुरूद एवं धमतरी संभाग के कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, विभिन्न बैंकों के अधिकारी एवं अधिकृत वेंडर उपस्थित थे। बैठक में सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य कर योजना के लक्ष्य को शीघ्र पूर्ण करने पर जोर दिया गया।

## संकरी के निशा का बीएसएफ में चयन

**सिर्री।** ग्राम पंचायत संकरी की निशा यादव का बीएसएफ में चयन हुआ है। वे दिनेश यादव की पुत्री व कुंजलाल यादव की नातिन हैं। निशा ने बताया कि वे काफी समय से इसकी तैयारी में जुटी हुई थी। उन्होंने सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय नवापारा में अध्ययन किया है और वहां पर एनसीसी की छात्रा रही है। उन्होंने बताया कि देशसेवा करने का जज्बा और कड़ी मेहनत से ही यह सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि पर ग्रामीणों ने निशा के निवास पर पहुंचकर उन्हें गुलदस्ता भेंटकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर चिंवरी सोसायटी अध्यक्ष रामखिलावन साहू, ग्रामीण साहू समाज सचिव योगेश साहू, कोषाध्यक्ष डां. जीवन साहू, देवेंद्र साहू, लीलम साहू, पंच दशरथ साहू छबिकांत साहू, ओशू साहू, पितेश यादव, धन्नू साहू मौजूद थे।

## न्योता भोज में छात्रों ने खाई खीर, पूड़ी

**धमतरी।** संकुल केंद्र अरौद डुबान के संकुल समन्वयक उत्तमकुमार गंगवीर के जन्मदिन पर प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाईस्कूल के छात्रों को न्योता भोज में खीर, पूड़ी एवं केक बांटा गया। इससे बच्चे खुश नजर आए। इस अवसर पर संकुल के शिक्षकगण भी उपस्थित थे।

### गोरेगांव में सामाजिक वार्षिक उत्सव स्नेह सम्मेलन हुआ

**नगरी।** आदिवासी ध्रुव गोंड समाज युवा प्रभाग उपक्षेत्र गोरेगांव के नेतृत्व में उपक्षेत्रीय वार्षिक उत्सव स्नेह सम्मेलन का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में आ.ध्रु.गों.स.तह.नगरी के अध्यक्ष सुरेंद्र ध्रुव द्वारा समाज के विकास में विशेष रूप से ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया गया। युवा प्रभाग एवं महिला प्रभाग द्वारा शिक्षा, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, आदर्श विवाह एवं सामाजिक रीतिनीति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जोर दिया गया।

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## सीसी रोड बनने से कीचड़ से मिलेगी मुक्ति

■ ग्राम करेली बड़ी के हाईस्कूल मैदान में हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏩मगरलोड



बुधवार को विधायक निधि के तहत लाखों रुपये की लागत से उपतहसील करेली बड़ी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मैदान में सीसी सड़क के लिए भूमिपूजन हुआ। मुख्यतिथि जनपद पंचायत मगरलोड अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने कहा कि विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से करेली बड़ी तेजी से विकास कर रहा है। हाईस्कूल मैदान में सीसी सड़क बन जाने से यहां पढ़ने वाले सैकड़ों छात्र-छात्राओं और शिक्षको को आवागमन में सुविधा मिलेगी। बरसात में मुख्य सड़क मार्ग से स्कूल तक कीचड़ होता था। सीसी सड़क बन जाने से परेशानी खत्म हो जाएगी।

जिला पंचायत सभापति मीना साहू ने कहा कि सीसी सड़क बन जाने से यहां संचालित स्कूल,आंगनबाड़ी के बच्चों और राहगीरों को आने जाने में सुविधा मिलेगी।

सरपंच खेमलता साहू ने कहा कि लंबे समय से सीसी सड़क की दरकार स्कूल में थी जो अब बन जाने से पूरी हो जाएगी। बच्चों और शिक्षकों को बरसात में कीचड़ में चलने नही पड़ेंगे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेंद्र कुमार साहू ने कहा कि बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए शासन से सीमेंटीकरण सड़क की मांग करते रहे। अब यह सुविधा स्कूल मैदान में संचालित सभी विद्यालयों को लाभ मिलेगा। उन्होंने असामाजिक तत्वों से सुरक्षा के लिए स्कूल ग्राउंड में अहाता निर्माण को प्राथमिकता दी। मौके पर

प्राचार्य कोमल सिंह साहू, जनपद सदस्य सभापति राजेश कुमार साहू, जनपद सदस्य देवेंद्र कुमार पाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष होरीलाल साहू, डेमू साहू, उपसरपंच तोरण आनेश्वरी, पूर्व उपसरपंच पदुमलाल साहू, जीवन लाल साहू, कृपाराम साहू, संकुल समन्वयक घेवरचंद साहू, क्रीड़ा शिक्षक गीतेश्वर सिंह साहू, व्याख्याता मुकेश कुमार कुर्रे, बृजेश देवांगन, हेमदास, नकुल राम समेत, जितेन्द्र सुकुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

## सच्ची भक्ति जाति, कुल, विद्या की मोहताज नहीं होती : विजयानंद

■ आमंत्रण हेरिटेज रुद्री में दुर्लभ सत्संग का आयोजन

**धमतरी।** आमंत्रण हेरिटेज रुद्री में आयोजित दुर्लभ सत्संग के छठवें दिन प्रवचनकर्ता विजयानंद गिरि महाराज ऋषिकेश वाले ने प्रभु रामचंद्र के प्रति शबरी के निष्काम प्रेम एवं पूर्ण समर्पण की व्याख्या की। उन्होंने बताया कि सच्ची भक्ति जाति, कुल अथवा विद्या की मोहताज नहीं होती, बल्कि प्रेम और श्रद्धा से ही प्रभु को पाया जा सकता है। शबरी के जीवन प्रसंग के माध्यम से स्वामीजी ने सरलता, सेवा और विश्वास का गूढ़ संदेश दिया। राजा बलि और भगवान वामन अवतार की कथा बताते हुए उन्होंने त्याग, दान और अहंकार के परित्याग का महत्व समझाया। स्वामी जी ने कहा कि जब मनुष्य अपने अहंकार को त्याग कर ईश्वर को समर्पित होता है, तभी उसे सच्चा कल्याण प्राप्त होता है। राजा बलि का उदाहरण आज भी मानव जीवन के लिए प्रेरणास्रोत है।

## देहली पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी पर हवन-पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

बसंत पंचमी पर देहली पब्लिक स्कूल में हवन-पूजन एवं मां सरस्वती की आराधना की गई। कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न हुआ तथा विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर सभी ने ज्ञान, बुद्धि और सद्बुद्धि की कामना की।

प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व ज्ञान, संस्कार और सकारात्मक सोच का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से



शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि मां सरस्वती की उपासना से अध्ययन में एकाग्रता बढ़ती है और जीवन में सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## राजपुर में निषाद समाज ने मनाई गुहा जयंती





हरिभूमि न्यूज ⏩मगरलोड

ग्राम राजपुर में निषाद समाज ने भक्त गुहा निषादराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। सामाजिक भवन में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण व भक्त गुहा निषाद एवं सत्यनारायण की पूजा हुई। सामाजिक महिलाओं ने पीली साड़ी धारण कर सिर पर कलश लेकर बाजे गाजे के साथ भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता तथा भक्त गुहा निषाद राज की शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में भक्त गुहा निषाद राज के जयकारे गूंजते रहे। शोभायात्रा की जगह-जगह पूजा हुई।

कार्यक्रम के अतिथि जिला महासचिव नारायण निषाद, कोषाध्यक्ष शंभू निषाद, डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर के नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश निषाद, उपाध्यक्ष लखन निषाद, महासचिव परदेशी निषाद, उमाशंकर निषाद, ग्रामीण अध्यक्ष देवनारायण साहू, सचिव गुहलेद कंवर, कोषाध्यक्ष मनराखन निषाद, सरपंच जाम बाई सिन्हा थे। अतिथियों का गमछा व श्रीफल से सम्मान किया।

रात्रि में जय मार्या मानस मंडली राजपुर ने भगवान श्रीराम व भक्त गुहा निषाद राज की महिमा का वर्णन किया। इस अवसर पर ग्रामीण निषाद समाज अध्यक्ष गोपाल निषाद, उपाध्यक्ष ध्रुव निषाद, कोषाध्यक्ष नंदलाल निषाद, कन्हैया निषाद, सुंदरलाल, होरीलाल निषाद, पूनत निषाद, थानू राम , ओमप्रकाश निषाद, रामकृष्ण, भूषण, नाथूराम, प्रदीप, राजेन्द्र, करण निषाद, नरोत्तम, जीवराखन निषाद, तोषण निषाद, पवन निषाद, लेखू, अमन सहित बड़ी संख्या में स्वजातीयजन उपस्थित थे।

## स्कूली छात्राओं को किया सम्मानित

**नगरी।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की प्रियदर्शिनी योजना अंतर्गत नारी न्याय की दिशा में की जा रही पहल के तहत नगरी क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों की छात्राओं को विधायक द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप सामग्री सहायता प्रदान की गई। पूर्व विधायक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। प्रियदर्शिनी योजना का उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने छात्राओं से शिक्षा को अपना मजबूत आधार बनाकर समाज और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम
लेसर फेशियल
कम दरों में
चेहरे की झुर्रियां, दाग-धब्बे से छुटकारा पाएं, चेहरे में चमक लायें
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
हवाई मार्ग Ex-लखनऊ
(09 दिन) 2,80000/-(+5% GST)
कैलाश मानसरोवर यात्रा
12 मई, 25 मई, 11 जून, 11 जुलाई, 10 अगस्त,08 सितम्बर, 20 सितम्बर 2026
सुविधाः- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोटः- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्स्ट्रा रहेगा।
सड़क मार्ग Ex-काठमांडू (13 दिन) 2,20000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

आप कितने स्वस्थ हैं?
जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज
₹1500/-
(20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज
₹2000/-
(40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
सुयश हॉस्पिटल
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371